**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2357**
**15.12.2025 को उत्तर के लिए**

**अद्यतन एनडीसी लक्ष्य**

**2357. श्री के. ई. प्रकाश :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 2035 तक की अवधि के लिए अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) में शामिल ऐसे विशिष्ट मात्रात्मक और गुणात्मक लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है, जिन्हें दिसंबर 2025 के अंत तक संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है;

(ख) 2035 के एनडीसी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विकसित देशों से सरकार द्वारा अपेक्षित रियायती जलवायु वित्त का वर्तमान आधिकारिक अनुमान क्या है; और

(ग) पेरिस समझौते में यथाअपेक्षित, जीवाश्म ईंधन के उपयोग के स्थान पर अन्य ईंधन के उपयोग में प्रत्यक्ष रूप से सहायता और देशभर में विशेषकर औद्योगिक और बिजली क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता में सुधार सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जलवायु वित्त के उपयोग और प्रभाव की निगरानी करने के लिए एक राष्ट्रीय, पारदर्शी निगरानी ढांचा बनाने हेतु क्या कार्य योजना तैयार की गई है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) भारत सरकार जलवायु परिवर्तन का मुक़ाबला करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और वर्ष 2022 में अद्यतित पेरिस समझौते के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) को प्रस्तुत भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान(एनडीसी) को पूरा करने के लिए कई कदम भी उठा रही है। वर्ष 2031-35 के लिए निर्धारित लक्ष्यों सहित एनडीसी के क्रमिक लक्ष्यों को व्यापक हितधारक परामर्श के बाद अंतिम रूप दिया जाता है, जिसकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसके परिणामों को सार्वजनिक किया जाता है।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

*****